आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 30.08.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में बारिश और भूस्खलन से प्रभावित जनजीवन को सामान्य करने के प्रयास जारी; राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज भी बारिश का अलर्ट।
- धराली आपदा के 25 दिन बाद गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग उत्तरकाशी से हर्षिल तक आंशिक रूप से यातायात के लिए खोला गया।
- देश के सकल घरेलू उत्पाद में वर्तमान वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 7 दशमलव 8 प्रतिशत की वृद्धि।
- उत्तराखंड उच्च न्यायालय परिसर से छह जिलों के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिये नये वाहन रवाना किये गये।

जन जीवन बहाली– प्रयास

उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में बारिश और भूस्खलन से प्रभावित जनजीवन को सामान्य करने के प्रयास जारी हैं। सबसे अधिक प्रभावित उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और टिहरी जिलों में राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर चल रहे हैं। प्रशासन सामान्य जीवन को पटरी पर लाने के लिए लगातार कार्रवाई कर रहा है।

इस बीच, मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम अलर्ट को देखते हुए सभी जिलों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

यातायात सुचारू

धराली आपदा के 25 दिन बाद गंगोत्री हाईवे को उत्तरकाशी से हर्षिल तक आंशिक रूप से यातायात के लिए खोल दिया गया है। बीआरओ ने शासन–प्रशासन के सहयोग से यह मार्ग बहाल किया है।

5 अगस्त को धराली में आई विनाशकारी बाढ़ के दौरान हर्षिल में भागीरथी नदी का प्रवाह अवरुद्ध होने से बनी अस्थाई झील और भूस्खलन के कारण गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके चलते मार्ग लंबे समय से बंद था।

जिलाधिकारी प्रशांत आर्य के निर्देश पर युद्धस्तर पर कार्य जारी रहा और कल बीआरओ व अन्य एजेंसियों के प्रयास से हर्षिल से धराली तक का मार्ग हल्के वाहनों के लिए खोल दिया गया। जल्द ही इस मार्ग को सभी वाहनों के लिए सुचारू किए जाने की संभावना है।
इस मार्ग पर यातायात बहाल होने से क्षेत्र में रसद आपूर्ति और धराली रेस्क्यू ऑपरेशन में तेजी आएगी।

<u>सतर्कता</u>

मौसम विभाग के अलर्ट को देखते हुए उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रशासन, आनंद स्वरूप ने जिलों को पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ दिन बारिश के लिहाज से चुनौतीपूर्ण रह सकते हैं, इसलिए सभी अधिकारी हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें।
श्री स्वरूप ने जिला आपदा प्रबंधन अधिकारियों को मौसम विभाग की वेबसाइट से लगातार अपडेट लेते रहने और चेतावनी मिलने पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सचेत एप के अधिक प्रचार–प्रसार के निर्देश देते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोग इसे अपने मोबाइल में डाउनलोड करें।
गुरुवार रात हुई अतिवृष्टि से नुकसान की जानकारी लेते हुए उन्होंने जिलों को जल्द रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। साथ ही, असुरक्षित स्थानों से लोगों को सुरक्षित स्थानों और राहत शिविरों में भेजने तथा वहां भोजन, पानी, बिस्तर, बिजली और शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।
अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि पहाड़ों में अधिक वर्षा का असर मैदानी इलाकों पर भी पड़ सकता है, जिससे नदियों का जलस्तर बढ़ने और बाढ़ की संभावना रहती है। उन्होंने सैटेलाइट फोन की नियमित निगरानी और रखरखाव के निर्देश दिए।

<u>समीक्षा बैठक</u>

भारत सरकार द्वारा चिन्हित आकांक्षी जनपद और आकांक्षी विकास खंड कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कुमाऊं मंडलायुक्त दीपक रावत ने स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।
जिला सभागार में बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि सामाजिक और आर्थिक संकेतकों में पिछड़े जनपद और ब्लॉक को योजनाओं से लाभान्वित कर विकास की मुख्यधारा से जोड़ना ही इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि पूरे भारत के 112 आकांक्षी जनपदों में उधमसिंह नगर 4वें स्थान पर है।

मंडलायुक्त ने गर्भवती महिलाओं का शत–प्रतिशत पंजीकरण, हाई रिस्क मामलों पर विशेष ध्यान, संस्थागत प्रसव और टीकाकरण को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने अल्ट्रासाउंड मशीनों की औचक जांच, बालक–बालिका अनुपात सुधार और कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर पोषण आहार उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

श्री रावत ने टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए सभी मरीजों की पहचान, जांच और दवा वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिक्षा के क्षेत्र में सभी स्कूलों में बिजली, पानी, शौचालय व्यवस्था और ड्रॉपआउट बच्चों के पुनः प्रवेश पर बल दिया गया।

<u>जीडीपी</u>

देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वर्तमान वित्त वर्ष 2025–26 की अप्रैल–जून तिमाही में सात दशमलव आठ प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। यह पाँच तिमाहियों में सबसे अधिक है। पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में जीडीपी सात दशमलव चार प्रतिशत रही थी। आर्थिक विशेषज्ञ शिशिर सिन्हा ने आकाशवाणी को बताया कि कई क्षेत्रों में विकास के कारण जीडीपी में बढोतरी का अनुमान है।

<u>आदि कर्मयोगी मिशन</u>

आदि कर्मयोगी मिशन के तहत देहरादून जिले के 41 जनजाति बाहुल्य गांवों को शत–प्रतिशत सरकारी योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा। चयनित गांवों में चकराता के 24, कालसी के 12, विकासनगर के 4 और सहसपुर का 1 गांव शामिल है। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अभिमुखी कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान उन्होंने ''आदि कर्मयोगी मिशन'' के प्रतीक चिन्ह का वर्चुअल रूप से अनावरण किया और अधिकारियों को सत्यनिष्ठा से मिशन पूरा करने की शपथ दिलाई।

ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत चयनित गांवों में सभी जनजातीय व्यक्तियों को सरकारी लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

<u>विधिक वाहन</u>

उत्तराखंड उच्च न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा, चंपावत, हरिद्वार, नैनीताल, पौड़ी गढ़वाल और टिहरी गढ़वाल के लिए 1–1 नए वाहन उपलब्ध कराए गए।

वरिष्ठ न्यायमूर्ति एवं उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष मनोज कुमार तिवारी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी. नरेंद्र सहित अन्य न्यायाधीशों ने वाहनों को प्रस्थान कराया।

प्राधिकरण के सदस्य सचिव प्रदीप मणि त्रिपाठी ने बताया कि इन वाहनों से राज्य में निःशुल्क कानूनी सहायता सेवाओं की पहुंच और मजबूत होगी।

बैठक

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में दून पुस्तकालय एवं शोध केन्द्र की चतुर्थ जनरल बॉडी बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि रविवार को पुस्तकालय खोला जा सकता है ताकि अधिक बच्चे इसका लाभ ले सकें।

उन्होंने सुझाव दिया कि दून पुस्तकालय में विदेशी भाषाएं सिखाने के कार्यक्रम चलाए जाएं, जिससे युवाओं को विदेशों में रोजगार के अवसर मिल सकें। साथ ही, रजत जयंती वर्ष के अवसर पर 1 से 9 नवम्बर तक विशेष कार्यक्रम आयोजित करने की बात भी कही।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

रूदप्रयाग, बागेश्वर और चमोली सहित राज्य के विभिन्न जिलों में अतिवृष्टि से हुए नुकसान की ख़बर सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में है।

आसमान से बरपा कहर, सात मौत, दैनिक जागरण की मुख्य ख़बर है। समाचार पत्र लिखता है– अतिवृष्टि और भूस्खलन ने उत्तराखंड को फिर झकझोरा, ग्यारह लापता, बड़े पैमाने पर तबाही। वहीं, अमर उजाला की सुर्खी है– लगातार हो रही बारिश से व अतिवृष्टि से गढ़वाल से लेकर कुमाऊं तक कई जगह जनजीवन अस्त व्यस्त, दर्जनों घर–दुकान मलबे में बहे, कई छोटे–बड़े मार्ग बुरी तरह हुए क्षतिग्रस्त।

देहरादून एयरपोर्ट पर 232 करोड़ के गबन में प्रबंधन गिरफ्तार। इस शीर्षक के साथ हिंदुस्तान समाचार पत्र ने लिखा है– आरोपी ने देहरादून में जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर तैनाती के दौरान तीन साल में यह रकम फर्जी कामों के नाम पर अपने कई खातों में जमा कराई।

एक अन्य ख़बर पर हिंदुस्तान समाचार पत्र ने लिखता है– उत्तराखंड में ढाई हजार शिक्षकों के प्रमोशन होंगे। समाचार पत्र के अनुसार इसका प्रस्ताव सरकार को भेज दिया गया है।